हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025

तापमान

अधिकतम 42.2 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

12 बरसाती सीजन से पहले सभी नाले साफ करने के निर्देश



12 अदालतों में मजबूती से पैरवी करें लॉ ऑफिसर्स



## खबर संक्षेप

### राजकीय स्कूल शाहपुर से सामान चोरी, केस दर्ज

**इसराना।** पानीपत के गांव शाहपुर के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चोरी की वारदात हुई। चोर, स्कूल से छह पतीले, छह ढक्कन, दो बड़े सिल्वर तस्ले, दो पीतल के पतीले, 40 स्टील थाली और 50 स्टील चम्मच, दो बड़ी सिल्वर परात, एक कढ़ाई, दो पलटे और दो स्टील बाल्टी चोरी कर ले गए। स्कूल के प्रभारी दिनेश की शिकायत पर थाना इसराना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कलेक्शन एजेंट से लूट का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने गांव नांगलखेड़ी के पास कलेक्शन एजेंट से चाकू के बल पर 26 लाख रूपए की लूट के तीसरे आरोपी मुस्ताक उर्फ मुस्तफा निवासी बराही, पाटन, गुजरात को गिरफ्तार किया है। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि लूट के इस मामले में थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में गुजरात के पाटन जिला के गांव भदरडा निवासी जयेश हाल किरायेदार हुडा सेक्टर 12, पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज है। जयेश से गत वर्ष 25 जून को लूट की गई थी।

### अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में युवक काबू

**पानीपत।** थाना मतलौडा पुलिस की टीम ने बुधवार को गांव शेरा में आदर्श पुत्र सुभाष चंद्र पाल निवासी चचा संडा, कन्नौज, उत्तर प्रदेश को अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में पकडा। पुलिस ने आरोपी के पास से अवैध 85 बोतल अवैध देसी व अंग्रेजी शराब व 13 बोतल बीयर बरामद की गई। आरोपी पर आबकारी एक्ट के तहत थाना मतलौडा में केस दर्ज किया गया है।

### बराना में मकान से नगदी व गहने चोरी

**पानीपत।** पानीपत में गांव बराना निवासी बंसी के घर से चोरों ने करीब सवा लाख रूपये कीमत की सोने से बनी चेन, 60 हजार रुपए की नगदी व मोबाइल फोन सैट चोरी कर लिया। बंसी की शिकायत पर हुडा सेक्टर 13-17 थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर, चोरी की इस वारदात से गांव बराना में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### अहर के कार्यवाहक सरपंच बने रवि

**इसराना।** जिला पानीपत के ब्लाक इसराना के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में समाज कल्याण पंचायत अधिकारी ज्योति की अध्यक्षता में गांव अहर ग्राम पंचायत के सदस्यों की बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से रवि पंच को कार्यवाहक सरपंच गया है। उल्लेखनीय यह है कि गांव अहर में ग्राम पंचायत चुनाव में फर्जी वोटिंग की गई थी जिसमें पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट ने चुनाव को अवैध घोषित किया गया था। सरपंच पद का चुनाव होने तक रवि गांव का कामकाज देखेंगे।

### कुरुक्षेत्र में योग का महाकुंभ कल से

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय योग संस्थान के तत्वावधान में संस्थान के हरियाणा, पंजाब व चंडीगढ़ के योग साधना केन्द्रों के प्रमुखों के लिए गांव मिजार्पुर स्थित योगाश्रम में दो दिवसीय प्रांतीय योग प्रशिक्षण शिविर 19 अप्रैल से 20 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रधान ओमप्रकाश ने बताया कि इस योग प्रशिक्षण शिविर में पंजाब प्रांत से 300, चंडीगढ़ से 130 तथा हरियाणा से लगभग 250 केंद्र प्रमुख भाग लेंगे। ये प्रशिक्षित केंद्र प्रमुख व अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में जाकर आम जनता के लिए निःशुल्क हड्डी व जोड़ रोग निवारण शिविरों का आयोजन करेंगे। संस्थान द्वारा देश-विदेश स्थित योग साधना केन्द्रों पर निःशुल्क हड्डी एवं जोड़ रोग निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

### मंडी में जांच के दौरान कई जगह गेहूं के तौल में भारी अंतर पाया गया

# गेहूं तौल में गड़बड़ी पर प्रशासन सख्त

# सीएम फ्लाइंग की मंडी में छापेमारी

## संबंधित फर्मों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू

कमल धीमान ▶▶| घरौंडा

घरौंडा की अनाज मंडी में गेहूं की तौल में भारी गड़बड़ी की शिकायतों के बाद प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। वीरवार को मुख्यमंत्री उड़न दस्ते (सीएम फ्लाइंग) ने घरौंडा अनाज मंडी में औचक निरीक्षण किया और कई दुकानों पर गेहूं के कट्टों का तौल चेक किया।

- मंडी में गेहूं की आवक अपने चरम पर

जांच के दौरान कई जगहों पर तौल में भारी अंतर पाया गया, जिसके बाद प्रशासन ने संबंधित फर्मों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी है।



करनाल। घरौंडा मंडी में सीएम फ्लाइंग द्वारा की जा रही तौल की जांच।

### सरकारी एजेंसियों से मिलीभगत का शक

इस समय मंडी में गेहूं की आवक अपने चरम पर है और प्रतिदिन हजारों क्विंटल गेहूं की खरीद-बिक्री हो रही है। ऐसे में आरोप लग रहे हैं कि कुछ आढ़ती सरकारी एजेंसियों के साथ मिलकर किसानों के साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं। न केवल घरौंडा, बल्कि जिले की अन्य मंडियों में भी तौल में अनियमितताओं की शिकायतें मिल रही हैं। इस कार्रवाई को किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रशासन की इस तत्परता से यह संदेश गया है कि मंडी में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### टीम के आते ही अनाजमंडी में मचा हड़कंप

जैसे ही सीएम फ्लाइंग की टीम अनाजमंडी में पहुंची, उसके आने की खबर लगते ही देखते आढ़तियों में अफरा-तफरी मच गई। टीम ने मंडी में प्रवेश करते ही एक के बाद एक दुकानों पर छापेमारी की। विशेष रूप से पलटी नम्बर 6 पर अशोक कुमार की फर्म पर जांच के दौरान दो दर्जन कट्टों का तौल किया गया, जिनमें कई कट्टों में गेहूं की मात्रा तय मानक से कम, जबकि कुछ में अधिक पाई गई। एक कट्टे में तो सिर्फ 52 किलोग्राम गेहूं ही मिला, जबकि मानक के अनुसार यह मात्रा 50 किलो 600 ग्राम से अधिक नहीं होनी चाहिए थी।

### जांच में तेजी

सीएम फ्लाइंग द्वारा की गई इस छापेमारी के बाद मार्केट कमेटी ने भी अपनी ओर से जांच तेज कर दी है। मार्केट कमेटी के सचिव चंद्र प्रकाश ने बताया कि मंडी में तौल की गड़बड़ी को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। बीते दो दिनों से हमारी टीम भी लगातार निरीक्षण कर रही है और अब सीएम फ्लाइंग ने भी कार्रवाई की है। जिन फर्मों में गड़बड़ी पाई गई है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बिस्कुटों से भरे चलते कंटेनर में आग लगी



तरावड़ी। शामगढ़ के पास कनटेर से जले बिस्कुट बाहर निकालते हुए मजदूर।

- दमकल विभाग ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

बिस्कुटों से भरे चलते कंटेनर में आग लगने का समाचार है। लाखों का बिस्किट जलकर राख हो गया। रात्रि एक बजे के आसपास गांव शामगढ़ जीटी रोड पर रुद्रपुर उत्तराखंड से ब्रिटानिया बिस्किट लोडकर अम्बाला के लिये निकला था। करनाल से निकलने के बाद जीटी रोड शामगढ़ के पास कंटेनर में आग लग गई।

आग इतनी भयानक थी कि कंडक्टर साइड के दोनों टायर भी जलकर राख हो गए। गनीमत यह रही की जान माल का नुकसान नहीं हुआ। पास के होटल के लोगों ने आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड कर्मचारियों को दी। मौके पर फायर ब्रिगेड गाड़ी तरावड़ी से पहुंची। एक गाड़ी से आग पर काबू नहीं पाया गया दूसरी गाड़ी नीलोखेड़ी से बुलाई गई। बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। कंटेनर के ड्राइवर भूपेश सिंह ने बताया कि रुद्रपुर से उत्तराखंड ब्रिटानिया कंपनी का बिस्किट लोड करके अंबाला के लिए निकले रहे थे और जीटी रोड पर करनाल निकालने के बाद शामगढ़ के पास यह घटना हो गई। जिसमें लाखों का बिस्किट जल कर राख हो गया और किसी जान माल का नुकसान नहीं हुआ।

# लिंगानुपात में कुरुक्षेत्र ने प्रदेश में हासिल किया पांचवां स्थान : डा सुखबीर सिंह

- जनवरी से मार्च तक तीन महीने में इस सुधार को हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के निदेशक एवं जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि जिला ने लिंगानुपात मामले में काफी सुधार किया है। अब कुरुक्षेत्र जिला 964 लिंगानुपात के साथ प्रदेश में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है, जोकि 17 जिलों से ज्यादा है। जनवरी से मार्च तक तीन महीने में इस सुधार को हासिल किया है।

इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने काफी मेहनत और लगन से कार्य किया है। इस दौरान विभाग की टीम ने रेड के बाद पुलिस को शिकायत देकर तीन मामले दर्ज करवाएं हैं और एक अल्ट्रासाउंड मशीन को भी सीज किया है।



जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह

उन्होंने बातचीत करते हुए कहा कि जिला में वर्ष 2024 में 7444 मेल और 6794 फीमेल जन्म होने पर 913 लिंगानुपात के साथ कुरुक्षेत्र जिला प्रदेश में 12वें स्थान पर रहा था।

जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इस पर गंभीरता से काम किया और आस-पास के जिले और प्रदेश से बाहर उत्तर प्रदेश में भी रेड की। इनमें टीम ने सहारनपुर यूपी, थानेसर और गांव मानस जिला कैथल में रेड करनाल शामिल है। तीनों मामले में संबंधित थाना पुलिस को शिकायत देकर केस दर्ज भी करवाया है।

### 26 केन्द्रों की जांच

टीम ने अब तक 26 केन्द्रों की जांच भी पूरी कर ली है। जिसके परिणाम स्वरूप इन तीन महीनों में 1764 मेल और 1700 फीमेल ने जिला में जन्म लिया। इससे जिला का लिंगानुपात सुधार कर 964 पर पहुंच गया। इस स्थिति को बरकरार रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिला में जिस क्षेत्र या गांव में सुधार की जरुरत हैं, वहां पर फोक्स ज्यादा करने के निर्देश दिए।

# श्रीकृष्ण आयुष विवि के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आएंगे

- दीक्षांत समारोह हमारे लिए ऐतिहासिक क्षण, पूरी गरिमा और शिष्टता से मनाएंगे : प्रो. धीमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि प्रथम दीक्षांत समारोह हमारे विश्वविद्यालय का ऐतिहासिक क्षण है। हम इसे पूरी गरिमा व शिष्टता के साथ मनाएंगे। विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहे हैं।

उन्होंने 18 अप्रैल को होने वाले दीक्षांत समारोह से जुड़ी हर इकाई से समन्वय स्थापित कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। कुलपति प्रो. धीमान ने कहा कि पहले दीक्षांत समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। समारोह की रिहर्सल भी की गई है, जिसमें कार्यक्रम का बारीकी से पूर्वाभ्यास किया गया। समारोह नवनिर्मित मल्टीपरपज हॉल में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर कुलसचिव प्रोफेसर वैद्य बिजेंद्र सिंह तोमर, प्रोफेसर आशीष मेहता, डीन ऑफ एकेडमिक डॉ. जितेश कुमार पंडा, प्रिंसिपल डॉ. देवेंद्र खुराना, प्रॉक्टर प्रोफेसर राजा सिंगला, परीक्षा नियंत्रक डॉ. रणधीर सिंह, डॉ. राजेंद्र चौधरी, उप कुलसचिव विकास शर्मा एवं सहायक कुलसचिव अतुल गोयल आदि मौजूद रहे।



### मानद उपाधि से नवाजे जाएंगे वैद्य त्रिगुणा

गौरतलब है कि इस भव्य दीक्षांत समारोह की हरियाणा के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महामहिम बंडारू दत्तात्रेय अध्यक्षता करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा शिरकत करेंगे। इस समारोह में 126 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान करने के साथ-साथ 26 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल पहना कर सम्मानित किया जाएगा। खास बात ये है कि शासी निकाय राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ, नई दिल्ली के अध्यक्ष पद्मभूषण वैद्य देवेंद्र त्रिगुणा को मानद उपाधि से नवाजा जाएगा।

# पानीपत तहसील में फर्जी रजिस्ट्री तहसीलदार ने केस दर्ज करवाया

**पानीपत।** पानीपत के जिला सचिवालय स्थित तहसील में फर्जी रजिस्ट्री के मामले का खुलासा हुआ है। थाना सिटी पुलिस की जांच में पता चला कि न्यू रमेश नगर में हुडा सेक्टर 18 निवासी मोना का 60 वर्ग गज का प्लाट था, जोकि मोना ने फुल पेमेंट एग्रीमेंट पर गुड्डी नाम की महिला को बेच दिया।

- थाना सिटी पुलिस ने जांच शुरू की

गुड्डी ने फुल पेमेंट एग्रीमेंट पर ही प्लाट प्रॉपर्टी डीलर दीपक गांधी को बेच दिया। दीपक गांधी ने प्लॉट को दिल्ली के रवि को सेल कर दिया। इसके बाद रवि ने रजिस्ट्री कराने की बात की तो मोना ने रजिस्ट्री करवाने से मना कर दिया। रजिस्ट्री के लिए दिल्ली निवासी रवि के जानकार संजय वर्मा ने अजय नामक टाइपिस्ट से मिलकर कॉलोनी की ही रहने वाली पिंकी को लालच देकर मोना की जगह तहसील लेकर आया और मोना की जगह खड़ा कर फोटो करवा कर रजिस्ट्री करवा ली गई। इसमें सम्मिलित नंबरदार राजू द्वारा महिला की शिनाख्त भी नहीं की गई। वहीं तहसील कंप्यूटर ऑपरेटर ने भी फोटो खींचा और रजिस्ट्री कर डाली। ऑपरेटर विक्रम रोड ने भी महिला के डॉक्यूमेंट तक चेक नहीं किए। पानीपत के तहसीलदार वीरेंद्र गिल को मामले की जानकारी मिली तो उन्होंने तत्काल थाना सिटी में इस मामले की शिकायत दी।

# घर में सो रहे पिता-पुत्र पर किया जानलेवा हमला

**अंबाला।** पिता-पुत्र जानलेवा हमले में जख्मी हो गए। यह हमला तब हुआ जब पिता-पुत्र दोनों साथ में सो रहे थे। इसी दौरान 6-7 बदमाश उनके घर में घुस आए और वारदात को अंजाम दिया। जिसके बाद उन्होंने शोर मचाया और ग्रामीणों को इकट्ठा होता देख बदमाश उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। घायलों का मेडिकल कराया गया है। पंजोखरा थाना क्षेत्र निवासी मायाराम ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। 16 अप्रैल की रात को वह अपने बेटे के साथ सो रहा था। इसी दौरान गांव का ही हिरमनदीप उर्फ लख अपने छह साथियों के साथ घर में घुस आया और उन पर हमला करने का प्रयास किया। इस दौरान पिता-पुत्र ने शोर मचाया और ग्रामीण इकट्ठा होने लगे, जिस पर हमलावर उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गोरक्षक को पीटने वाले एएसआई व एचसी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में हरिद्वार हाईवे पर उत्तर प्रदेश की सीमा के निकट यमुना नदी के सनौली नाका पर पुलिस टीम द्वारा गौरक्षक करण को सरेआम चोटी पकड़कर घसीटने, जबरन पुलिस वाहन में बैठाने, अपशब्द कहने आदि के मामले में पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने चार पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही की है।

डीएसपी हैड क्वार्टर सतीश वत्स ने बताया कि गौरक्षक करण के साथ अभ्रदता किए जाने के मामले में पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने सनौली नाका के प्रभारी एएसआई शिव कुमार, ईआरवी-348 के प्रभारी हैड कांस्टेबल सुशील को पद से निलंबित कर दिया और इनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। वहीं हरिद्वार हाईवे पर सनौली नाके के पास तैनात ईआरवी-348 पर तैनात स्पेशल पुलिस आफिसर यानि एसपीओ सकंद को पद मुक्त कर दिया। जबकि ईआरवी-348 के चालक पर एचकेआरए के तहत तैनात ड्राइवर कुलदीप को जहां ड्यूटी से हटा दिया गया, वहीं कुलदीप को पद मुक्त करने की विभागीय कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

- एसपीओ सेवा मुक्त, चालक को पुलिस विभाग से कार्य मुक्त करने की प्रकिया शुरू

डीएसपी वत्स ने बताया कि गौरक्षक करण की चोटी पकड़ कर उसे घसीटते हुए पुलिस वाहन में जबरन बैठाने, मारपीट करने, अपशब्द कहने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जांच में प्रथम दृष्टी पुलिस अधिकारी एएसआई शिव कुमार, हैड कांस्टेबल सुशील, एसपीओ सकंद व चालक कुलदीप दोषी पाए थे। उन्होंने साफ किया कि जनता से अभ्रदता को पुलिस विभाग सहन नहीं करेगा और दोषी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### तीन योजनाओं के आधार पर मिलेगी कुल 6,469 कब्जाधारकों को राहत

# सरकारी जमीन के कब्जाधारकों को मालिक बनाने की तैयारी

- पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में 28 अप्रैल को होगी सुनवाई
- नगर परिषद सचिव बोले, सरकार हाईकोर्ट में रखेगी अपना पक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सालों से सरकारी जमीन पर कब्जा जमाए बैठे 6,469 लोगों को अब अंबाला सदर नगर परिषद की ओर से जमीन के मालिक बनाने की तैयारी हो रही है।

इसके के लिए तीन प्रकार की योजनाएं तैयार की गई है। पहले लीज के आधार पर लोगों को जगह उपलब्ध करवाई जाएगी। दूसरा ओल्ड ग्रांट नियम के आधार पर और तीसरा अतिक्रमण की जगह का निर्धारण करके उसे कब्जाधारक के हवाले किया जाएगा। इन योजनाओं के तहत भूमि पर रहने वाले व्यक्ति को कलेक्टर रेट के हिसाब से सरकार को पैसे जमा करवाने होंगे। लीज योजना के तहत मौजूदा कलेक्टर रेट के तहत अवैध निर्माण करने वाले से पैसे लिए जाएंगे। ओल्ड ग्रांट योजना के तहत आधी दर पर कलेक्टर रेट का निर्धारण किया जाएगा।

दूसरी योजना के तहत अवैध अतिक्रमण के हिस्से को वैध में बदलने के लिए दो गुना कलेक्टर रेट के हिसाब से संबंधित भूमि पर रहने वाले व्यक्ति से पैसा लिया जाएगा। हालांकि इन तीनों योजनाओं पर अंतिम मोहर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश पर ही लगेगी कि किस योजना को आमजन के लिए लागू किया जाए ताकि उन्हें राहत मिल सके।

### चार भागों में बंटा है यह क्षेत्र

सदर क्षेत्र में अनधिकृत रूप से सरकारी भूमि पर कब्जा जमाए 6469 कब्जाधारियों को नगर परिषद की तरफ से नोटिस दिए गए हैं। कब्जाधारियों से जुड़ी जमीन को चार हिस्सों में बांटा गया है। इसमें ओल्ड ग्रांट भूमि, लीज की भूमि, लीज खत्म वाली भूमि और सरकारी भूमि शामिल है।

### अतिक्रमण की सूची

ओल्ड ग्रांट पर दी भूमि के 48.19 एकड़ पर 5094 लोगों ने अवैध कब्जा किया है। इसी प्रकार लीज पर दी भूमि के साथ खाली पड़ी 1.30 एकड़ पर 102 लोगों की ओर से अवैध कब्जा किया है। वहीं, विभिन्न स्थानों पर लगभग 29.45 एकड़ खाली सरकारी भूमि पर 1194 लोगों की ओर से कब्जा किया है। जबकि वर्ष 2003 में नियमित की 13 कॉलोनियां में खाली 7.18 एकड़ भूमि पर 124 लोगों ने कब्जा किया है।

### समाप्त हो चुकी लीज

इसमें सरकार की ओर से समय-2 पर गैर कृषि कार्यों के लिए 97.41 एकड़ भूमि लीज पर दी गई थी, इसमें से 72.76 एकड़ भूमि व 224 प्रॉपर्टी की लीज समाप्त हो चुकी है और 130.21 एकड़ भूमि जोकि 45 लोगों को कृषि के काम के लिए लीज पर दी थी, उसकी लीज भी काफी समय पहले समाप्त हो चुकी है। बता दें कि वर्ष 1977 में भारत सरकार की ओर से छावनी में कुल 1066 एकड़ भूमि को अंबाला कैंटोनमेंट से हटाकर हरियाणा सरकार और नगर परिषद अंबाला सदर को स्थानांतरित की थी। इसमें से काफी भूमि लोगों को रहने के लिए ओल्ड ग्रांट और लीज ग्रांट पर दी थी। इस पर समय बीतने के साथ-साथ काफी लोगों ने उपरोक्त के अतिरिक्त खाली भूमि पर भवन बनाकर स्थायी कब्जा कर लिया। संपदा अधिकारी एक्साइज एरिया छावनी के कार्यालय से ज्ञात हुआ है कि उपरोक्त सरकारी भूमि से संबंधित एक केस पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में विचाराधीन था। इसमें 19 जनवरी 2024 को न्यायालय की ओर से उपरोक्त 1066 एकड़ भूमि का सर्वे करने और अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के बारे में आदेश जारी किए थे।

### तीन योजनाएं तैयार

इस मामले की 28 को सुनवाई तय है। सरकार हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखेगी। लोगों को राहत देने के लिए तीन योजनाएं तैयार की गई हैं। आगे जो भी कोर्ट से निर्देश मिलेंगे, उसके आधार पर ही आगामी कार्रवाई की जाएगी।
- **राजेश कुमार,** सचिव नगर परिषद सदर, अंबाला।

### दो बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत

**यमुनानगर।** साढौरा थाना क्षेत्र के गांव असगरपुर में दो बाइकों के भिडंत में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव फिरोजपुर राईयां निवासी सुखविंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव का ही वीरेंद्र सिंह उर्फ सन्नी बाइक पर किसी काम से गया था। रात को करीब साढ़े आठ बजे जब वह घर लौट रहा था तो गांव असगरपुर के पास उसकी बाइक को सामने से आ रही एक अन्य बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे वीरेंद्र सिंह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी बाइक चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## खबर संक्षेप

### राष्टीय समन्वयकों की नियुक्ति पर जताई खुशी

**यमुनानगर।** बसपा के पूर्व प्रदेश महासचिव डॉ.निर्मल सिंह ने बसपा के नए राष्टीय समन्वयकों की नियुक्ति पर पार्टी हाईकमान का आभार जताया है। डॉ.निर्मल सिंह ने कहा कि बसपा की राष्टीय अध्यक्ष आयरन लेडी बहन मायावती द्वारा संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु लिए गए निर्णयों का सदैव स्वागत किया गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा रणधीर सिंह बेनीवाल, श्रीराम गौतम व राजा राम को बीएसपी का राष्टीय समन्वयक नियुक्त करना निःसंदेह पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को और अधिक सुदृढ़ बनाएगा। उन्होंने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए इन तीनों वरिष्ठ नेताओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। डॉ.निर्मल ने दावा किया कि इनके अनुभव, समर्पण और नेतृत्व क्षमता से पार्टी को जमीनी स्तर पर बल मिलेगा तथा बहुजन समाज के अधिकारों की लड़ाई और अधिक प्रभावशाली ढंग से आगे बढ़ेगी।

### रास्ता रोककर युवक के साथ की मारपीट

**यमुनानगर।** हरनौली में दो युवकों ने रास्ता रोककर गांव के ही इशु के साथ मारपीट की। हरनौली निवासी ईशु ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही अभिषेक और अफरोज के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय अन्य युवकों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया। मगर उसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। ईशु ने बताया कि वह शाम साढ़े चार बजे गांव में ही किसी काम से जा रहा था। रास्ते में दोनों आरोपियों ने उसे रोक लिया और उस पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। मारपीट की आवाज सुनकर जब अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## विकास कार्यों को लेकर जगाधरी निगम कार्यालय में मेयर ने ली बैठक

# जनता की समस्याओं का समाधान करना ही हमारी प्राथमिकताः मेयर

बैठक में सभी वार्डों की मूलभूत समस्याएं जैसे जल निकासी, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट, स्वच्छता और कूड़ा प्रबंधन जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

शहर के समग्र विकास और नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर जगाधरी नगर निगम कार्यालय में अहम बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता मेयर सुमन बहमनी ने की। बैठक में नगर निगम के विभिन्न पार्षद, अधिकारी और संबंधित विभागों के प्रतिनिधि



**यमुनानगर ।** जगाधरी नगर निगम कार्यालय में पार्षदों व अधिकारियों की बैठक लेती मेयर सुमन बहमनी। फोटो : हरिभूमि

मौजूद रहे। बैठक में सभी वार्डों की मूलभूत समस्याएं जैसे जल निकासी, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट, स्वच्छता और कूड़ा प्रबंधन जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी पार्षदों ने अपने-अपने वार्ड की जनता की प्रमुख मांगों और शिकायतों को सामने रखा। जिनके समाधान के लिए मेयर बहमनी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है। सभी पार्षद अपने-अपने वार्ड की जिम्मेदारी को पूरी गंभीरता से निभाएं और नियमित रूप से अधिकारियों से संपर्क कर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। हम सब मिलकर ही शहर को हरियाणा का सबसे स्वच्छ और विकसित शहर बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर अपने अपने वार्ड का निरीक्षण करें। जहां जो भी समस्या का उसका निवारण कराएं। अभियंता शाखा के अधिकारी अपने वार्ड का जायजा लें। जहां कहीं भी सड़क क्षतिग्रस्त है उसे दुरुस्त कराएं। नालों व नालियों की मरम्मत कराई जाए। डोर टू डोर कचरा उठान का नियमित प्रबंध हो। हर वार्ड की हर गली की सफाई रोजाना हो।

### ये रहे मौजूद

मौके पर कार्यकारी अभियंता सुखविंद्र सिंह, सहायक नगर योजनाकार आशीष, कार्यालय अधीक्षक प्रदीप कुमार, मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह, कनिष्ठ अभियंता गगन संधू, प्रतीक आदि मौजूद थे।



**यमुनानगर।** रादौर छिंबी मोहल्ला में टूटा पड़ा सीवरेज का ढक्कन। फोटो : हरिभूमि

# लोगों ने की सीवरेज पर ढक्कन लगाने की मांग

■ विभाग की लापरवाही के चलते हो सकता है कोई बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर के छिंबी मोहल्ला में सीवरेज का ढक्कन टूटने से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने जलापूर्ति विभाग से सीवरेज पर ढक्कन लगाए जाने की मांग की।

स्थानीय निवासियों खेमचंद, सुरेश, रमेश, करण, विक्रम, अरूण व सचिन आदि ने बताया कि फिरनी पर सीवरेज का ढक्कन फिरनी की सड़क बनाने के दौरान टूट गया था। ऐसे में कोई भी छोटा बच्चा सीवरेज के ढक्कन टूटने के कारण सीवरेज में गिर सकता है। जिस कारण कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने बताया कि सीवरेज हर समय गंदे पानी से भरा रहता है।

सीवरेज की गहराई भी काफी है। जिससे यदि कोई बच्चा खेलते हुए सीवरेज में गिर गया तो उसे बचाना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने विभाग व प्रशासन से सीवरेज पर जल्द से जल्द ढक्कन लगाए जाने की मांग की है।

# बदमाशों ने व्यक्ति से फोन और पैसे छीने, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ बदमाशों ने सुढैल चौक पर दिया घटना को अंजाम

शहर के सुढैल चौक के पास आधा दर्जन बदमाशों ने व्यक्ति से पांच हजार रुपये व मोबाइल छीन लिया।

जानकारी के अनुसार गांव जोहड़ी निवासी अनिल कुमार ने फरकपुर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बुधवार को चार बजे किसी काम से जा रहा था। जब वह गांव सुढैल चौक के पास पंहुचा तो आधा दर्जन बदमाशों ने उसे रोक लिया। इस दौरान आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौच शुरू कर दिया। आरोपियों ने उसकी जेब से पांच हजार रुपये व मोबाइल छीन लिया। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग गए। उसने आरोपियों का पीछा कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया लेकिन आरोपी भागने में कामयाब हो गए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत थे डॉ. भीमराव अंबेडकर : मेयर

## जगाधरी वर्कशॉप और थर्मल कॉलोनी में डॉ. अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के फर्कपुर और थर्मल कॉलोनी में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिनमें नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने दोनों जगह दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रमों की शुरुआत की।

डॉ. भीम राव अंबेडकर सेवा समिति द्वारा आयोजित समारोह में मेयर बहमनी ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पार्षद उज्ज्वल ठाकुर, धर्मेंद्र बॉक्सर, समिति के प्रधान विनोद मेहरा,



**यमुनानगर।** आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करती मुख्यातिथि। फोटो : हरिभूमि

सर्कल सचिव राजिंद्र कुमार, अमनदीप खरे आदि ने पुष्प देकर मेयर का अभिनंदन किया। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं थे बल्कि वे सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत थे। उन्होंने जीवन भर वंचितों, शोषितों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उनकी सोच आज भी हमारे लिए पथ प्रदर्शक है।

उन्होंने कहा आज जब हम सामाजिक समानता, शिक्षा और न्याय की बात करते हैं तब बाबा साहेब का योगदान और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने कहा था शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। यह मंत्र आज की युवा पीढ़ी को दिशा दिखाता है। मेयर बहमनी ने यह भी कहा कि नगर निगम की ओर से ट्रिपल इंजन विकास मॉडल के अंतर्गत तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर है और क्षेत्रीय विकास के कार्यों को लेकर निगम पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। मौके पर कौशल पांडे, अमर सिंह, मौजी, सुभाष, मामराज, डिंपल, साहिल व संदीप आदि मौजूद थे।

# चोरों ने आभूषण व नकदी चुराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के छोटा मॉडल टाउन में चोरों ने रात को एक घर में घुसकर 10 हजार रुपये तथा सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घर के सदस्य रात को जब घर लौटे तो चोरी का पता चला।

पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार छोटा मॉडल टाउन निवासी अनिता शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रात साढ़े 11 बजे घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गई थी। रात को करीब एक बजे जब वह वापस लौटे तो घर में सामान बिखरा पड़ा था। जिसे देखकर उसके पैरों तले से जमीन खिसक गई। जांच करने पर घर से 10 हजार रुपये, मोबाइल, सोने की चेन, अंगूठी, दो चांदी की चेन व अन्य सामान गायब मिला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

**अज्ञात के खिलाफ केस दर्जः** पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### घर के अंदर से नकदी व टूटियां चोरी

शक्ति नगर मॉडल टाउन निवासी धर्मेश कथूरिया ने बताया कि वह बुधवार को सुबह आठ बजे घर का ताला लगाकर काम पर गया था। दोपहर को जब वह वापस लौटा तो घर से टूंटियां गायब मिली। जांच करने पर अलमारी में रखे 15 हजार रुपये भी गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# किसानों को मिल रही सुविधाओं का उपायुक्त ने लिया जायजा

■ रादौर अनाज मंडी का उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने वीरवार को अनाजमंडी रादौर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अनाजमंडी रादौर में किसानों को दी जा रही सुविधाओं का भी जायजा लिया। वहीं निरीक्षण के दौरान पार्थ गुप्ता ने आढ़तियों व किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी हासिल की। साथ ही अधिकारियों को मंडी में उठान तेज करने के के निर्देश दिए। उपायुक्त ने खरीद



**यमुनानगर।** रादौर अनाजमंडी का निरीक्षण करते जिला उपायुक्त व अन्य। फोटो : हरिभूमि

एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में आने वाले किसानों को किसी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए।

मंडी में किसानों के लिए सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना सुनिश्चित किया जाए। खरीद एजेंसियां ठीक प्रकार से काम नहीं करती तो उन पर पेनल्टी लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों की मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखना हमारी प्राथमिकता है। किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े ऐसे प्रबंध सभी अनाज मंडियों में किए जाएं। उन्होंने कहा कि मंडी के कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए पर्याप्त लेबर व ट्रांसपोर्ट वाहन उपलब्ध करवाए जाएं ताकि मंडियों से फसल का उठान समय पर होता रहे।

### किसान फसल सुखाकर लाएं

उपायुक्त ने खरीद एजेंसियों को भी निर्देश दिए कि मंडियों से फसल को समय पर उठा कर वेयर हाउस में शिफ्ट करें। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे मंडी में फसल को सुखाकर लाएं ताकि समय पर खरीद हो सके। उन्होंने मार्किट कमेटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में पानी की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था व सफाई की व्यवस्था के साथ-साथ पर्याप्त मात्रा में बारदाना की व्यवस्था रखें।

## लोक अदालत में मिलता सस्ता और सुलभ न्याय

**यमुनानगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम कीर्ति वशिष्ठ ने बताया कि दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई को आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक मामले, धारा-138 के तहत एनआई एक्ट के मामले, बैंक रिकवरी केस, एमएसीटी मामले, वैवाहिक विवाद मामले, श्रम विवाद मामले, भूमि अधिग्रहण मामले, बिजली और पानी से संबंधित मामले, गैर शमन योग्य मामलों को छोड़कर वेतन और भत्ते तथा पुन परीक्षण लाभ से संबंधित सेवा मामले, और राजस्व व अन्य सहायक मामले जो कि सुलझाने योग्य हैं इस अदालत में लिए जाएंगे। सीजेएम ने बताया कि आपसी सहमति से हल हो सकने वाले मामलों में राष्ट्रीय लोक अदालत बहुत ही कारगर सिद्ध हो रही हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनाए गए फैसले के विरुद्ध अपील नहीं की जा सकती।

## हाथों की स्वच्छता संक्रमण को फैलने से रोकने का सबसे प्रभावी तरीका : गोयल

**यमुनानगर।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वासो के सौजन्य से ग्राम पंचायत जुब्बल की आंगनवाड़ी केंद्र में स्वच्छता पखवाड़े के तहत हैंड वॉश डे मनाया गया। इस दौरान छोटे बच्चों को हाथ धोने के महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आंगनवाड़ी वर्कर सुषमा ने की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला सलाहकार रजनी गोयल ने शिरकत की। इस अवसर पर रजनी गोयल ने बताया कि हाथों की स्वच्छता संक्रमण को फैलने से रोकने के सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है। हाथ की स्वच्छता से तात्पर्य किसी भी ऐसी विधि से है जो हानिकारक कीटाणुओं को प्रभावी ढंग से



हटाती है। जिसमें साबुन और पानी से हाथ धोना या अल्कोहल.आधारित हैंड सैनिटाइजर का उपयोग करना शामिल है। इस अवसर पर आंगनवाड़ी वर्कर किरण, मीणा, नेहा, ज्योति, सीता, किरण आदि मौजूद रही।

## लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन सबके लिए प्रेरणादाई : सुरेंद्र कुमार

**यमुनानगर।** सामाजिक समरसता गतिविधि द्वारा वीरवार को मुकंद लाल नेशनल स्कूल में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के त्रि शताब्दी जयंती वर्ष पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के डिप्टी एडवोकेट जनरल सुरेंद्र कुमार कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर द्वारा अन्याय व अत्याचार के खिलाफ किए गए संघर्ष को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन सबके लिए प्रेरणादाई हैं।

अहिल्याबाई होल्कर का पराक्रम अद्भुत था। वह कुशल रणनीतिकार, पराक्रम शीलता



व युद्ध कला में प्रवीण थी। इस मौके पर सामाजिक समरसता गतिविधि की जिला महिला आयाम प्रमुख नीरू चौहान, प्रांत युवा टोली की सदस्य मीनू चसवाल, ममता सेन, अध्यापक गौरव, भूपेंद्र राणा, मेघा सिंघल, संजीव पंजेटा, किरण पाल आदि मौजूद रहे।

## श्रम कानूनों की सरेआम उड़ाई जा रही हैं धज्जियां

**रादौर।** श्रम विभाग की लापरवाही के चलते कस्बा रादौर में आजकल श्रम कानूनों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। कस्बे के ढाबों व दुकानों पर 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से काम लिया जा रहा है। बच्चों से सुबह से शाम तक दुकानदार अपनी दुकानों पर काम लेते हैं। वहीं सप्ताह में उनको कोई छुट्टी तक भी नहीं मिलती। ऐसे में श्रम विभाग नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के विरूद्ध कोई कार्रवाई न कर आंखे मूंदकर बैठा हुआ है। जिससे आम आदमी में विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष है। रादौर निवासियों राजेश, कमल कुमार, सुखबीर, सूरज सैनी, जसविंद्र सिंह, सुरेश कुमार, सतीश कुमार व राहुल आदि ने बताया कि रादौर में हलवाइयों, फास्ट फूड की दुकानों, करियाना स्टोर व मिस्त्रियों की दुकानों पर 14 वर्ष से कम आयु के बच्चे काम करते देखे जा सकते हैं।

## लोगों को वक्फ संशोधन विधेयक से अवगत करवाया

# वक्फ संशोधन विधेयक से भ्रष्टाचार पर लगेगी रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

वक्फ सुधार जन जागरण अभियान को लेकर छछरौली में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवर पाल गुर्जर उपस्थित हुए। उन्होंने लोगों को वक्फ संशोधन विधेयक से अवगत करवाया।

पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कहा कि वक्फ कानून से कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों में बेचैनी बढ़ी हुई है। इसलिए ये लोग मुसलमानों को भ्रमित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक-2025 से भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी और गरीब का हक सिर्फ गरीब को ही मिलेगा। यह कानून मुसलमानों के खिलाफ नहीं है। उन्होंने बताया कि वक्फ संशोधन विधेयक बहुत सोच समझकर लाया गया है। यह किसी के खिलाफ नहीं है। बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग इससे संतुष्ट हैं।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने नागरिकों के लिए संपत्ति के



**यमुनानगर ।** छछरौली में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवर पाल व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा। फोटो : हरिभूमि

अधिकारों की रक्षा करने के महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कांग्रेस की सरकारों ने वक्फ प्रणाली के जरिए संवैधानिक अधिकारों को कमजोर करने का काम किया। उन्होंने कहा कि यह कानून समानता लाएगा और संपत्ति के अधिकारों की रक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार हर नागरिक को न्याय, समानता और अधिकार देने के लिए प्रतिबद्ध होकर काम कर रही है। विपक्ष के नेता झूठा प्रचार-प्रसार करके मुसलमानों को भ्रमित करने का काम कर रहे हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वक्फ संशोधन विधेयक से वक्फ संपत्तियों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी और भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा।

## गांव टेही में मकान के सामने कपड़े में लिपटा मिला एक दिन का नवजात



**यमुनानगर।** गांव टेही में एक मकान के सामने एक दिन का नवजात मिला है। यह नवजात कपड़ों में लिपटा हुआ था। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने नवजात को अस्पताल में भिजवाया। सूचना मिलते ही जिला बाल संरक्षण इकाई से कार्यवाहक जिला बाल संरक्षण अधिकारी रंजन शर्मा, सहायक अधिकारी प्रीति वत्स व गुरप्रीत सिंह की टीम अस्पताल में पहुंची। नवजात के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। जिला बाल संरक्षण अधिकारी रंजन शर्मा ने बताया कि नवजात को निक्कू वार्ड में डाक्टर की निगरानी में रखा गया है। उसकी हालत ठीक है। उधर, पंचतीर्थी चौकी प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि आवासीय एरिया में नवजात मिला है। उसे तुरंत रेस्क्यू कर अस्पताल में भिजवाया गया। आसपास के लोगों से जानकारी ली जा रही है।

## बेहतर करियर के लिए बहुमुखी प्रतिभा का होना जरूरी : डॉ. सुरिंद्र



**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज के इंस्टीट्यूशलन इनोवेशन काउंसिल, जनसंचार विभाग, कंप्यूटर साइंस विभाग, होम साइंस विभाग, फाइन आर्ट विभाग व फैशन डिजाइनिंग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न वर्कशाप का आयोजन किया गया। जनसंचार विभाग की ओर से जहां छात्राओं को फोटोग्राफी की तकनीक के बारे में बताया गया। वहीं कंप्यूटर साइंस विभाग ने कैनवा के जरिए डिजाइनिंग के टिप्स दिए। गृह विज्ञान विभाग ने छात्राओं को स्रैक्स, फाइन आर्ट विभाग ने क्ले मॉडलिंग व फैशन डिजाइनिंग विभाग ने कपडे पर फैबरिक पेंटिंग कर उससे डिजाइनदार कपडे तैयार करने की विधि बताई। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. सुरिंद्र कौर व आईआईसी कनवीनर विवेक ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की अध्यक्षता की। डॉ. सुरिंद्र कौर ने कहा कि वर्तमान युग में बेहतर करियर के लिए छात्राओं में बहुमुखी प्रतिभा का होना आवश्यक है।

**खबर संक्षेप**

### समाधान शिविर की लंबित शिकायतों की समीक्षा आज

**कुरुक्षेत्र।** एडीसी सोनू भट्ट ने कहा कि मुख्य सचिव के निदेर्शानुसार समाधान शिविर की लंबित शिकायतों की समीक्षा को लेकर प्रत्येक शुक्रवार कार्य दिवस पर प्रातः 11 बजे बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस समीक्षा बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त करेंगे। एडीसी सोनू भट्ट ने आज यहां जारी आदेशों में कहा है कि हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव के निदेर्शानुसार समाधान शिविर अब प्रत्येक कार्य दिवस के स्थान पर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को आयोजित किया जाएगा।

### कुवि ने घोषित किए 13 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा द्वारा 13 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित एम.एस.सी. (प्रिंटिंग ग्राफिक्स और पैकेजिंग टेक.) प्रथम सेमेस्टर (फ्रेश), बी.एस.सी. तृतीय सेमेस्टर (रि-अपीयर), बी.एस.सी. (ऑनर्स) गणित तृतीय सेमेस्टर, एम.कॉम (आईटी) प्रथम सेमेस्टर, बी.वोक. (सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट) तृतीय सेमेस्टर, बीएएमसी पांचवां सेमेस्टर, एम.कॉम (अंतिम), एम.ए. (इतिहास) तीसरा सेमेस्टर नॉन-सीबीसीएस (पुनः/नवीनतम), एम.ए. (महिला अध्ययन) पहला सेमेस्टर, बी.ए. पहला सेमेस्टर (पुनः उपस्थित) तथा बी.एससी. पहला सेमेस्टर (रि-अपीयर) के परिणाम घोषित किए।

## कृषि विभाग की तरफ से रिकॉर्ड में दर्ज की जाएगी रैड एंट्री

# अवशेषों को जलाने वालों पर लगेगा 2 सीजन के लिए फसल बेचने पर प्रतिबंध

**पिछले साल भी 73 किसानों की रैड एंट्री हुई थी दर्ज**



कुरुक्षेत्र। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ.कर्मचंद।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा.कर्मचंद ने कहा कि फसल अवशेषों में आग लगाने वालों पर अब 2 सीजन के लिए फसल बेचने पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। इसके लिए कृषि विभाग की तरफ से बकायदा रिकार्ड में रैड एंट्री भी दर्ज की जाएगी। इसके अलावा फसल अवशेषों में आग लगाने वालों पर 5 हजार से लेकर 30 हजार रुपए तक का जुमार्ना लगाने के साथ-साथ एफआईआर भी दर्ज की जाएगी। उपनिदेशक डा.कर्मचंद ने बातचीत करते हुए कहा कि फसल अवशेषों में आग लगाने वाले लोगों के खिलाफ लगातार सख्ती की जा रही है। इस सीजन में फसल अवशेषों में आग लगाने वालों के खिलाफ एक और सख्त निर्णय लिया है। इस निर्णय के अनुसार जो भी व्यक्ति फसल अवशेषों में आग लगाते हुए पकड़ा गया उस व्यक्ति पर ई-खरीफ पोर्टल के जरिए मंडियों पर 2 सीजन में फसल बेचने पर प्रतिबंध होगा। उन्होंने कहा कि किसानों के रिकॉर्ड में रैड एंट्री भी दर्ज की जाएगी। पिछले सीजन में लगभग 73 किसानों के रिकार्ड में रैड एंट्री दर्ज की गई थी। उन्होंने कहा कि रबी के सीजन में फसल अवशेषों में आग लगाने वाले के खिलाफ सीधी एफआईआर दर्ज की जाएगी। इस एफआईआर के साथ फसल अवशेषों में आग लगाने पर 5 हजार से लेकर 30 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया जाएगा। रबी के सीजन में फसल अवशेषों में एक भी आगजनी की घटना सामने न आए, प्रशासन लक्ष्य लेकर कार्य कर रहा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी योजना तैयार की गई है। इस योजना के तहत बीडीपीओ सुनिश्चित करेंगे कि हर ग्राम पंचायत सुपर सीडर मशीन खरीदे और क्लस्टर लेवल पर बेलन की मशीने खरीदे। उन्होंने कहा कि अगर किसानों को मशीनें उपलब्ध होगी तो आग लगाने की घटनाओं में निश्चित रूप से कमी आएगी। सभी अधिकारी उन गांवों पर ज्यादा निगरानी रखेंगे जिन गांवों में पिछले सालों में फसल अवशेषों में आग लगाने के ज्यादा मामलें सामने आए थे। उन्होंने कहा कि फसल अवशेषों में आग न केवल भूमि अपितु पशु, पक्षी, पेड़-पौधे, मानव जीवन पर प्रतिकूल असर डालती है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार जो भी व्यक्ति फसल अवशेषों में आग लगाएगा उन लोगों के खिलाफ अब सीधा एफआईआर दर्ज की जाएगी। प्रशासन द्वारा फसल अवशेषों में आग लगाने वालों के खिलाफ एफआईआर के साथ-साथ जुमार्ना भी किया जाएगा। सरकार के आदेशानुसार 2 एकड़ तक फसल अवशेषों में आग लगाने पर 5 हजार रुपए, 2 से 5 एकड़ फसल अवशेषों में आग लगाने पर 10 हजार रुपए और 5 एकड़ से ज्यादा फसल अवशेषों में आग लगाने पर 30 हजार रुपए जुमार्ना लगाया जाएगा।

## खेतों में खड़ी गेहूं की फसल और तूड़ी के कूप में लगी आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ज्योतिसर गांव में खेतों में खड़ी पक चुकी गेहूं की फसल और तूड़ी के कूप आग की भेंट चढ़ गए। किसानों का आरोप है कि बिजली की तारों से निकली चिंगारी से आग भड़की। अभी भी फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने में लगी हैं। किसानों ने बताया कि रात को तेज हवा के चलते खेत से गुजर रही बिजली लाइन का जंपर खंभे से टूट गया। इससे उठी चिंगारी से गेहूं की फसल ने आग पकड़ ली। हवा की वजह से आग तेजी से फैलते हुए भड़क गई। इससे करीब 17 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। करीब 40 एकड़ के क्षेत्र आग की चपेट में आया। आग से 40 एकड़ में फसल, फानें और कूप जलकर स्वाहा हो गए। रात को मौके पर पहुंची दमकल की 3 गाड़ियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की, मगर हवा के कारण आग फैलती चली गई। आग को भड़कता देख किसानों ने अपनी सूझबूझ से आग को फैलने से रोका। पीड़ति किसानों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की। बिजली विभाग के जेई सिद्धार्थ ने बताया कि बिजली की वजह से आग नही लगी है। आग लगने का कारण कुछ ओर हो सकता है।

## गुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व पर निकाला नगर कीर्तन



कुरुक्षेत्र। सजाए गए महान नगर कीर्तन की अगुवाई करने के लिए पारंपरिक वेशभूषा में सजे पंज प्यारें। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धन-धन श्रीगुरु तेग बहादुर साहिब जी के 404 साला प्रकाश पर्व को समर्पित महान नगर कीर्तन ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी से सजाया गया। वीरवार को गुरुद्वारा साहिब से श्रीगुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की छत्रछाया में सजाए गए महान नगर कीर्तन की अगुवाई पारंपरिक वेशभूषा में पंज प्यारों ने की। साहिब श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज के चरणों में अरदास के उपरांत महान नगर कीर्तन का शुभारंभ हुआ। इस दौरान हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के मैंबर हरमनप्रीत सिंह, पूर्व स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना, हरियाणा कमेटी के एडिशनल सैकेटरी राजपाल सिंह दुनियामाजरा, उप सचिव अमरिंदर सिंह, अकाउट विभाग के प्रभारी रणजीत सिंह, मैनेजर हरमीत सिंह, अमीर सिंह, नरेंद्र सिंह गिल समेत संगत ने शामिल होकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष हाजरी भर कर पुण्य कमाया। यह नगर कीर्तन गुरुद्वारा साहिब से शुरू होकर बिड़ला मंदिर, छोटा बाजार, शास्त्री मार्किट, शेख चहेली मकबरा और झांसा चुंगी से होते हुए धर्मनगरी में सुशोभित ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही नौवीं में संपन्न हुआ।



### राजिंदर बने हरियाणा रिपब्लिकन पार्टी कुरुक्षेत्र के जिलाध्यक्ष

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा प्रदेश रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया एवं हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष रवि कुमार एडवोकेट के नेतृत्व में कुरुक्षेत्र के राजिंदर सिंह को जिला अध्यक्ष नियक्त किया गया है। इस नियक्ति पर राजिंदर सिंह ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास आठवले एवं प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जिस उमीद के उन्हें जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौपी है।

**नारीवाद विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला**

## स्त्री होना कमजोरी नहीं, बल्कि एक पूर्ण अस्तित्वः डॉ. जिम्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



लोक सम्पर्क विभाग की उप-निदेशक व आईआईएचएस की अंग्रेजी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ जिम्मी शर्मा ने कहा कि नारीवाद एक सोच है, जो यह मानती है कि स्त्री होना किसी भी रूप में कमजोरी नहीं, बल्कि एक पूर्ण अस्तित्व है जिसे बिना भेदभाव, बिना शर्त और बिना सीमाओं के, समाज में समान अधिकार और अवसर मिलने चाहिए। यह सिर्फ अधिकारों की मांग नहीं, बल्कि एक निरंतर कोशिश है इंसानियत को संतुलित और न्यायपूर्ण बनाने की। वे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुवि के आई.आई.एच.एस लिटरेरी क्लब द्वारा नारीवाद अवधारणा, आंदोलन और विचारधाराएँ विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के तकनीकी सत्र में बोल रही थी। इस कार्यशाला को दो सत्रों में बांटा गया इसके पहले सत्र में तकनीकी सत्र रखा गया और दूसरे सत्र में समूह चर्चा की गई। इस कार्यशाला के दूसरे सत्र में विद्यार्थियों के समूह बनाए गए जिसमें उन्होंने नारीवाद विषय पर चर्चा की और इसी समूह में प्रस्तुतियां भी प्रदान की।

## टैक्नोलॉजी को दिनचर्या में विजन बनाएं विद्यार्थीः प्रो सुनील ढींगरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में यूआईईटी के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित टेक विजन 2025 का उद्घाटन करते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डीन इंजीनियरिंग व टेक्नोलॉजी और यूआईईटी संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने कहा कि विद्यार्थियों के अंदर छिपी हुई तकनीकी क्षमता को उजागर करने के लिए टेक विजन 2025 आधारशिला का काम करेगा। प्रो. सुनील ढींगरा ने कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 के तहत विद्यार्थियों में अधिक से अधिक तकनीकी कौशल को बढ़ावा देना है। इसी कड़ी में टेकविजन प्रत्येक विद्यार्थी को साथ तकनीकी रूप से जुड़ेगा इसके लिए हर सीनियर विद्यार्थी को अपने जूनियर विद्यार्थियों के साथ तकनीकी रूप से मेल मिलाप और सहयोग की भावना को बढ़ाना चाहिए ताकि वह विद्यार्थी अपने संस्थान के साथ समाज विकास में अपना अमूल्य योगदान दे सकें।

## सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना होगा : सुधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने में हरियाणा का विशेष योगदान रहेगा। इसी तरह से हम सभी को मिलकर हरियाणा के विकास की गति को और तेजी से आगे बढ़ाना होगा। सरकार की नीतियों व कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना होगा। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा सेक्टर 7 आवास कार्यालय पर लोगों की समस्याओं को सुनने के उपरांत कार्यकतार्ओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हर क्षेत्र में विकास हुआ है और दुनिया में भारत का नाम ऊंचा हुआ है। अब भारत सुरक्षित, लोगों के हितों को सर्वोपरि रखने वाला, तीव्र गति से विकसित होने वाला राष्ट्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र व हरियाणा की जनहितैषी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। पात्र व्यक्तियों को चिंता करने की जरूरत नहीं हैं, क्योंकि सरकार उनके हितों का पूरा ख्याल रख रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हरियाणा का विकास तेज गति से हो रहा है। प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, जिससे आवागमन की बेहतर सुविधाएं मिली है।

### प्राथमिक उपचार का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति की जान बचानाः प्रो. एआर



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ए.आर चौधरी ने कहा कि प्राथमिक उपचार का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति की जान बचाना होता है। इसके अलावा, प्राथमिक उपचार संक्रमण होने की संभावना को कम करने में मदद करता है, लंबे समय तक चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता को कम करता है, और स्थिति को खराब होने से बचाता है। मामूली कट, जलन या घाव की उचित देखभाल इसे ओर खराब होने की संभावना को कम करती है। वे गुरुवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में यूथ रेड क्रॉस की यूटीडी यूनिट द्वारा सीनेट हाल में एक दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।



### एमआईएस पर अध्यापक दैनिकी को ऑनलाइन अपडेट के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुरुक्षेत्र ने राज्य कार्यकारिणी राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा के दिशा निर्देशानुसार राज्य के सभी जिलों में दिए जा रहे ज्ञापन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला प्रधान राजेंद्र टंडन की अगुवाई में शिक्षा मंत्री हरियाणा एवं निदेशक के नाम एमआईएस पर अध्यापक दैनिकी को ऑनलाइन अपडेट करने के विरोध में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कुरुक्षेत्र विनोद कौशिक को ज्ञापन सौंपा। जिला प्रधान ने विस्तार देते हुए बताया कि जिले में स्कूलों में एक-एक अध्यापक के पास तीन से छह कक्षाएं है जिन्हें अध्यापक को पढाना, दैनिक कार्य देना और उसके अतिरिक्त स्कूली कार्यालय से संबंधित कार्यों को पूरा करना होता है। ऐसे में एमआईएस पर एक अध्यापक के द्वारा 3 से 6 कक्षाओं के कार्य को हर रोज अपडेट करना बहुत ही चुनौती पूर्ण है और समय की बर्बादी भी है। संगठन के प्रतिनिधियों ने बताया कि उल्लास कार्यक्रम में से भी बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है इस कार्यक्रम से अध्यापकों की ड्यूटी न लगाकर, यह कार्य बेरोजगार व पढ़े लिखे नौजवानों या एनजीओ से करवाना चाहिए ताकि अध्यापक स्कूलों में अपना अधिक समय दे सके और शिक्षा स्तर में सुधार किया जा सके। इस मौके पर जिला महासचिव संदीप चौहान जिला कोषाध्यक्ष सतीश भारद्वाज, वरिष्ठ उप प्रधान सुखदेव गजलाना, जिला उप प्रधान रमेश मेहला,सह सचिव सुरेश मुकीमपुर आदि मौजूद रहे।

**गीता कन्या विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित**

## विद्यार्थियों को सिक्योर डिजिटल वर्ल्ड के बारे विस्तार से बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को सिक्योर डिजिटल वर्ल्ड के बारे में विस्तार से बताया गया। आचार्या महक द्वारा विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के संबंध में जागरुक करते हुए बताया गया कि आज हम एक ऐसे युग में जी रहे हैं जिसमें हम सुबह उठते ही अपना मोबाइल फोन व कंप्यूटर चलाना शुरू कर देते हैं। इन डिजिटल साधनों ने हमारे जीवन को आसान तो बना ही दिया है साथ ही हमें गुलाम भी बना दिया है। साइबर क्राइम अलग-अलग तरीके से किया जा रहा है जिसमें फर्जी फोन कॉल, स्क्रीन शेयरिंग, वीडियो कॉल फ्रॉड क्रेडिट कार्ड, फ्रॉड फर्जी वेबसाइट फॉर्म इत्यादि अनेक तरीकों से बड़े-बड़े स्कैम्स को अंजाम दिया जा रहा है इन सभी से हमें सचेत रहने की आवश्यकता है। इस संबंध में छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली गई जिसे विद्यालय प्राचार्या सुमन बाला द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह क्लेर, उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र जांगड़ा, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद डॉ हरि प्रकाश शर्मा, सदस्य डॉ राजेश अग्रवाल एवं सौरभ त्रिखा, महिला प्रतिनिधि अंजलि शर्मा तथा प्रांत प्रतिनिधि संजय चौधरी ने विद्यालय द्वारा उठाए गए इस कदम की सराहना की।

## भाजयुमो ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष साहिल सुधा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं गांधी परिवार ने स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा खडी की गई संस्थाओं को निजी लाभ के लिए अपना कब्जा किया। इस प्रकार कांग्रेस के गांधी परिवार ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का अपमान किया है। कांग्रेस अब कोई लोकतांत्रिक पार्टी नहीं बल्कि एक पारिवारिक उदयम बन चुकी है। जिला अध्यक्ष साहिल सुधा वीरवार को कांग्रेस भवन के सामने गांधी परिवार का पुतला फूंकने के उपरांत कार्यकतार्ओं को संबोधित कर रहे थे। भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष साहिल सुधा ने सैंकडों कार्यकतार्ओं के साथ गांधी परिवार की शव यात्रा निकाली और कांग्रेस भवन के समक्ष गांधी परिवार का पुतला फूंक कर अपना रोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉनड्रिंग मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। यह सिर्फ वित्तीय गड़बड़ी का मामला नहीं है- यह उस राजनीतिक वंश की जवाबदेही का क्षण है जिसने दशकों तक सार्वजनिक धन और राष्ट्रीय विरासत को अपनी निजी संपति समझा। यह मामला साफ दशार्ता है कि कैसे गांधी परिवार ने कांग्रेस पार्टी के ढांचे का उपयोग कर निजी धन अर्जित किया और देश की जनता को धोखा दिया, जबकि वे स्वयं को लोकतंत्र का रक्षक बताते रहे।




### युवा ही देश और समाज को नए शिखर पर ले जाते : डा. श्रीप्रकाश मिश्र

**कुरुक्षेत्र।** देश की युवा शक्ति ही देश के भावी भविष्य, प्रगति व उत्थान का मजबूत स्तंभ होती है, चाहे कोई भी देश हो, यह हर उस देशवासी के संदर्भ में होती है। युवा शक्ति देश और समाज की रीढ़ होती है। युवा ही देश और समाज को नए शिखर पर ले जाते हैं। युवा देश का वर्तमान है तो भूतकाल और भविष्य काल के सेतु भी हैं। युवा देश और समाज के जीवन मूल्यों के प्रतीक हैं। समाज को बेहतर बनाने और राष्ट्र के निर्माण में सर्वाधिक योगदान युवाओं का ही होता है। युवा हमारे राष्ट्र भविष्य हैं तथा जनसंख्या के सबसे गतिशील खंड का प्रतिनिधित्व भी करते है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के विद्यार्थियों द्वारा मातृभूमि शिक्षा मंदिर के बच्चों के सवार्गीण विकास के निमित्त आयोजित द्वि दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर के समापन अवसर पर आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रवंदना से हुआ।

**कार्यक्रम** 21 अप्रैल को साइक्लोथॉन का गगांव मोहडी में किया जाएगा स्वागत

**यात्रा की तैयारियों को लेकर एडीसी ने अधिकारियों की बैठक को किया संबोधित**

# साइक्लोथॉन 2.0 को सैकड़ों खिलाड़ी और नागरिक बनाएंगे ऐतिहासिक और यादगार : अतिरिक्त उपायुक्त




कुरुक्षेत्र। अधिकारियों को संबोधित करते ऐडीसी सोनू भट्ट।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि प्रदेश के हर जिले में नशा मुक्त प्रदेश बनाने का संदेश लेकर चल रही साइक्लोथॉन 2.0 का कुरुक्षेत्र में पहुंचने पर जहां जोरदार स्वागत किया जाएगा, वहीं इस साइक्लोथॉन का सैंकड़ों खिलाड़ी व नागरिक हिस्सा बनेंगे ताकि इस साइक्लोथॉन को ऐतिहासिक और यादगार बनाया जा सके। इस साइक्लोथॉन का रूट प्लान तैयार कर दिया गया है। अहम पहलू यह है कि कुरुक्षेत्र जिले में निर्धारित नियमों के अनुसार सम्बन्धित व्यक्ति सबसे ज्यादा किलोमीटर साइकिल चलाएगा, उस व्यक्ति को नियमानुसार साइकिल इनाम के रूप में दिया जाएगा। एडीसी सोनू भट्ट वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में साइक्लोथॉन 2.0 की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सबसे पहले सभी विभागाध्यक्ष अपने-अपने विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों का साइक्लोथॉन के लिए पोर्टल पर पंजीकरण करवाएंगे। इसमें जिला खेल विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग पंजीकरण करवाने में अहम भूमिका अदा कर सकता है। इस साइक्लोथॉन के लिए पंचायत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभाग के स्तर पर तैयारियां पूरी करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि 21 अप्रैल को साइक्लोथॉन का गांव मोहडी में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया जाएगा। यह साइक्लोथॉन मोहडी से खानपुर जाटान, चढ़ूनी जाटान, खानपुर कोलिया से होती हुई कुरुक्षेत्र शहर में प्रवेश करेगी। 22 अप्रैल को साइक्लोथॉन कुरुक्षेत्र से कमौदा, पिंडारसी के मार्ग से कैथल जिला में प्रवेश करेगी।

**खबर संक्षेप**

### 19 को उपमंडल में आएगी यात्रा

**नारायणगढ़।** हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम के अन्तर्गत ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर साइक्लोथॉन-2.0 (साइकिल यात्रा) 19 अप्रैल को उपमंडल में प्रवेश करेगी। एसडीएम शाश्वत सांगवान ने बताया कि नशा मुक्ति अभियान को लेकर यह साइक्लोथॉन-2.0 (साइकिल यात्रा) 5 अप्रैल से हिसार से शुरू हुई है जोकि प्रदेश के सभी 22 जिलों को कवर करते हुए ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश दे रही है।

### एसडीएम ने सुनीं लोगों की शिकायतें

**नारायणगढ़।** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शाश्वत सांगवान ने लोगों की समस्याएं सुनी और सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिये। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 10 शिकायतें आई जिनमें परिवार पहचान पत्र, बिजली, प्रॉपर्टी आईडी आदि शामिल थी।

### शिक्षा ही महिला सशक्तिकरण की कुंजी

**शहजादपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह ने शिक्षा, संस्कृति और सशक्तिकरण का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्राओं के प्रयासों को सराहा और उनके भविष्य के लिए प्रेरक शब्द दिए। सैनी द्वारा पौधारोपण किया गया।

### विस्तार व्याख्यान का किया आयोजन

**नारायणगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. खुशीला के निर्देशन में इतिहास विभाग के तहत विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉ. मोहम्मद इद्रीश पूर्व अध्यक्ष इतिहास विभाग पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला से रहे। जिनका विषय मध्यकालीन साहित्य और इतिहास व सूफी संतों की विचारधारा रहा। मुख्य वक्ता ने मध्यकालीन भारत के साथ-साथ सूफी मत के उदभव व विकास पर प्रकाश डालते हुए भारतीय समाज पर पड़े उनके गहरे समन्वय वादी प्रभावों को रेखांकित किया।

### उत्तराखंड में चार धाम यात्रा तक परमिट की बढ़े अवधि

# टैक्सी ऑपरेटरों ने ऑल इंडिया परमिट की अवधि 12 वर्ष तक बढ़ाने का किया आग्रह

- परिवहन मंत्री बोले समस्या का होगा समाधन
- विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला**

परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज के समक्ष वीरवार को टैक्सी ऑपरेटरों ने अपनी समस्या रखी। राज्य सरकार से अदर स्टेट में ऑल इंडिया का परमिट नौ वर्ष से 12 वर्ष करने की मांग उठाई। परिवहन मंत्री अनिल विज वीरवार को अपने आवास पर लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे। दर्जनों टैक्सी ऑपरेटरों ने अपनी शिकायत देते हुए कहा कि अदर स्टेट में ऑल इंडिया का परमिट 12 वर्ष का होता है जबकि चंडीगढ़ व पंजाब में भी यह परमिट 12 वर्ष अवधि का है मगर प्रदेश में यह नौ वर्ष का है। टैक्सी ऑपरेटरों ने इस परमिट अवधि को नौ से 12 वर्ष करने की मांग उठाई। परिवहन मंत्री अनिल विज ने टैक्सी ऑपरेटर को मामले में जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया तथा अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

ऑपरेटरों ने यह मांग भी उठाई कि इस वर्ष उत्तराखंड सरकार अदर स्टेट टैक्सी को केवल 15 दिन की पासिंग दे रहे हैं जबकि पहले यह जब तक चार धाम यात्रा चलती थी तब तक परमिशन मिलती थी। उन्होंने कहा हमने ऑल इंडिया टैक्स भरा हुआ है। ऑपरेटरों ने परिवहन मंत्री से इस बारे में उत्तराखंड सरकार से बात कर उन्हें चार धाम यात्रा चलने तक अनुमति देने की मांग की। परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि इस मामले में वह उत्तराखंड मुख्यमंत्री से पत्राचार कर समस्या को हल कराने का प्रयास करेंगे।



अंबाला। अनिल विज आवास पर लगी लोगों की लाइनें। फोटो : हरिभूमि

#### विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी

कैबिनेट मंत्री अनिल विज से अंबाला छावनी के व्यक्ति ने अपनी शिकायत देते हुए कहा कि उसके बेटे से एजेंट ने कनाडा भेजने के नाम पर ढाई लाख रुपए की ठगी की। पहले कनाडा भेजने को कहा गया, मगर बाद में वह उसे ऑस्ट्रेलिया भेजने लगे थे। इसके बाद उसके बेटे को विदेश नहीं भेजा गया। मंत्री अनिल विज ने मामले में आईजी को कार्रवाई के निर्देश दिए।

#### एक ही फैमिली आईडी पर लगा दिए छह मीटर

ऊर्जा मंत्री अनिल विज को 12 क्रास रोड की रहने वाली एक महिला ने शिकायत देते हुए कहा कि वह बामुशकिल अपना घर चलाते हैं और उनका छोटा सा घर है। मगर बिजली विभाग ने उनकी एक फैमिली आईडी पर छह बिजली मीटर लगा दिए हैं जिससे उन्हें परेशानी हो रही है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने इस मामले में मौके पर बिजली बिजली अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए। विज को बोह के रहने वाले व्यक्ति ने शिकायत देते हुए बताया कि उसकी खेती की जमीन कुछ समय पूर्व कुछ लोगों ने खरीद ली थी, मगर इसकी राशि अब तक उसे नहीं दी गई है। अब राशि देने से खरीदार मना कर रहे हैं। मामले में मंत्री ने डीएसपी अंबाला कैंट को जांच के निर्देश दिए। इसी प्रकार राम किशन कॉलोनी के व्यक्ति ने बताया कि तहसील कार्यालय में उसकी जमीन का इंतकाल नहीं हो रहा है जबकि उसके जमीन के कागजात पूरे हैं। इस मामले में मंत्री विज ने एसडीएम को कार्रवाई के निर्देश दिए।



अंबाला। उपायुक्त का अभिनंदन करते लॉ ऑफिसर्स। फोटो : हरिभूमि

# अदालतों में मजबूती से पैरवी करें लॉ ऑफिसर्स

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला**

**डीसी ने समीक्षा के दौरान दिए निर्देश**

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने वीरवार को अपने कार्यालय में न्यायालय से जुड़े लॉ ऑफिसर के साथ बैठक लेते हुए कानूनी प्रक्रिया के तहत कोर्ट केसों, चिह्नित अपराध व कोर्ट से जुड़े अन्य केसों के बारे में भी विस्तार से जानकारी हासिल की। इस मौके पर जिला न्यायवादी नरेंद्र सिंह व अन्य लॉ ऑफिसर ने उपायुक्त को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। उपायुक्त ने सभी लॉ अधिकारियों से अदालतों में मजबूती से पैरवी करने के निर्देश दिए ताकि केस से जुड़े आरोपी को नियमानुसार सजा दिलवाई जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि चिह्नित अपराधों के तहत केसों की समीक्षा के तहत प्रतिमाह बैठक लेकर जानकारी भी ली जाती है, इसके साथ-साथ उन्होंने सिविल केसों के साथ-साथ लॉ ऑफिसर के लिए भवन बनाने व आवासीय भवन बनाने बारे भी चर्चा की। जिला न्यायवादी नरेंद्र सिंह ने उपायुक्त को बताया कि सभी केसों में डिप्टी डीए व एडीए द्वारा कानूनी प्रक्रिया के तहत पूरी मजबूती के साथ कार्य किया जाता है। इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार, एसडीएम शाश्वत सांगवान, एसडीएम अमित भारद्वाज, जिला न्यायवादी नरेंद्र सिंह, उप न्यायवादी राजेश ढुल, उप न्यायवादी दलीप आदि मौजूद थे।

# राहुल-सोनिया के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मामले में बदले की भावना से कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला**



- प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने केंद्र सरकार पर बोला हमला

प्रवर्तन निदेशालय की ओर से नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉड्रिंग केस में दाखिल चार्जशीट में कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को भी आरोपी बनाए जाने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा बदले की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के इशारे पर ईडी ने कांग्रेस के दोनों नेताओं का नाम चार्जशीट में दिया है ताकि कांग्रेस को साजिशन देशभर में बदनाम किया जा सके। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि 'मोदी-शाह' शासन की विपक्ष के खिलाफ प्रतिशोध की कोई सीमा नहीं है।

सोनिया गांधी, राहुल गांधी के खिलाफ प्रतिशोध की राजनीति से प्रेरित और मनगढ़ंत नेशनल हेराल्ड मामले का उपयोग करना, विपक्ष की आवाज को दबाने और चुप कराने के उनके प्रयास का एक स्पष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि अपने नेताओं के खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा की जा रही बदले की कार्रवाई पर कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी।

उन्होंने हर कांग्रेसी से सड़क पर उतरकर भाजपा सरकार का विरोध करने का भी आह्वान किया। जैन ने दावा किया कि इससे प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की हताशा की बू आती है, क्योंकि वे लोगों की चिंताओं को दूर करने में विफल हो रहे हैं और लगातार ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि वे भूल गए हैं कि यह गांधी परिवार है जिसने देश के लिए अपना खून दिया है। वो एजेंसियों का उपयोग करते हुए, हमें रोक नहीं पाएंगे।

एडवोकेट रोहित जैन ने कहा की भाजपा सरकार ने तानाशाही अपनाते हुए हमारे नेताओं के साथ जोर जबरदस्ती करते हुए ईडी का दुरुपयोग कर सोनिया गांधी व राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट की है। जैन ने कहा यह लड़ाई केवल सोनिया गांधी व राहुल गांधी की अकेलों की नहीं है बल्कि यह लड़ाई है सच्चाई और झूठ की, तानाशाह की, आम लोगों की, लोकतंत्र की, बेरोजगार युवा की, गरीब की, छोटे व्यापारी की, मजदूर की, किसान की। हर एक की लड़ाई को राहुल गांधी लड़ रहे हैं और हम चट्टान की तरह उनके साथ खड़े होकर इस लड़ाई में जीत हासिल करेंगे।

भाजपा द्वारा राजनीतिक प्रतिशोध से इस प्रकार की कार्रवाई करके राहुल गांधी की आवाज को दबाने चाहते हैं। जैन ने दोहराया कि 'वास्तव में, यह कार्रवाई केवल इस विभाजनकारी, विनाशकारी शासन के खिलाफ हमारे संकल्प को और मजबूत करने जा रही है। लोकतंत्र में अपनी बात करने का सबको अधिकार है। हम कांग्रेसी इस तरह की सरकार की तानाशाही का हर प्रकार से विरोध करेंगे।

# आने वाली पीढ़ियां सभ्यता-संस्कृति जान सके इसलिए विरासत को सहेजने के लिए करने होंगे गंभीर प्रयास

- डीएवी कॉलेज में इतिहास विभाग की ओर से विश्व विरासत दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला**

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज (लाहौर) के इतिहास विभाग द्वारा विश्व विरासत दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम के अंतर्गत एक व्याख्यान करवाया गया। जिसका विषय 'ऐतिहासिक स्मारक एवं जल संरक्षण' रहा। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विनीत भनवाला, हेरिटेज कंसल्टेंट एवं प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर, पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग हरियाणा रहे।

कार्यक्रम के आरम्भ में प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपनी विरासत को सहजने के गंभीर प्रयास करने होंगे ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियां हमारी सभ्यता व संस्कृति से परिचित हो सके। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विनीत भनवाला ने प्राचीन व मध्यकालीन जल स्त्रोतों से सम्बन्धित स्मारकों के निर्माण में प्रयोग तकनीक पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने इन ऐतिहासिक इमारतों में बावड़ी, कुएं, झील व तालाब निर्माण के विषय में बताते हुए कहा कि भारतीय इतिहास में इन स्मारकों की भरमार है। इमारतों का निर्माण कहां किया गया यह वहां कि भौगोलिक परिस्थिति पर निर्भर करता है। इन स्मारकों का निर्माण शासक वर्ग के अतिरिक्त कुलीन परिवारों द्वारा भी करवाया जाता था। भारत में जल स्त्रोतों से संबंधित इमारतें बनवाना एक धार्मिक एवं पुण्य कृत्य माना जाता है। इसलिए इन स्मारकों का ऐतिहासिक महत्व के अतिरिक्त सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व भी है।

इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. चांद सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान करवाने का उद्देश्य विद्यार्थियों में अपने विरासत स्थलों के प्रति जागरूकता एवं संवेदनशीलता पैदा करना है। चाँद सिंह ने कहा कि जल संरक्षण के लिए हमें अपनी ऐतिहासिक इमारतों से सीख लेने की आवश्यकता है। हमारे पूर्वज बिजली व ट्यूबल आने से पूर्व किस प्रकार अपने जल संसाधनों का सावधानीपूर्वक उपयोग करते थे यह हमें इतिहास से सीखना होगा। तभी हम आने वाले जल संकट का समाधान करने में सक्षम हो सकते हैं।



अंबाला। मुख्यअतिथि को पौधा देकर सम्मानित करते हुए प्रोफेसर डॉ. चांद सिंह।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. रेखा शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. आरएस. परमार, प्रोफेसर मोनिका शर्मा, प्रोफेसर प्रियंका मलिक, प्रोफेसर सिम्मी सभ्रवाल, डॉ. दर्शन लाल, डॉ. सुभाष चंद्र शर्मा, डॉ. विजेंद्र सिंह, डॉ. नरेंद्र कुमार, डॉ. जसमेर, प्रोफेसर शिवानी डावर, प्रोफेसर शांत कौशिक, डॉ. अतिमुक्त जैन, डॉ. प्रियंका चौधरी, डॉ. मधु गोयल, प्रोफेसर मीना मलिक व डॉ. सुखदेव सिंह उपस्थित रहे। साथ ही विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में बढ़चढ़कर भाग लिया।



बराड़ा। शैक्षणिक भ्रमण का आनंद लेते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## छात्र कई जानवरों को बिल्कुल पास से देखकर हुए रोमांचित

**बराड़ा।** शैमफॉर्ड विद्यालय के छोटे-छोटे विद्यार्थियों ने हाल ही में गांव थम्बड़ में स्थित एक फार्म का शैक्षणिक दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य बच्चों को प्राकृतिक परिवेश से जोड़ते हुए फार्म जीवन और पालतू जानवरों के बारे में व्यावहारिक जानकारी देना था। बच्चों ने गाय, बकरी, भेड़, मुर्गी और घोड़े जैसे फार्म जानवरों को नजदीक से देखा और उनके जीवन शैली के बारे में सीखा। एनिमल कॉर्नर में इन जानवरों को विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया, जहाँ बच्चों को यह समझने का अवसर मिला कि ये जानवर फार्म पर कैसे रहते हैं और मनुष्य के जीवन में किस प्रकार सहायक होते हैं। विद्यालय की शिक्षिकाओं ने बच्चों को बताया कि मुर्गियाँ अंडे देती हैं, गाय और बकरियाँ पौष्टिक दूध प्रदान करती हैं, और घोड़े आदि खेल व अवकाश गतिविधियों में भी उपयोगी होते हैं। यह भी बताया गया कि ये जानवर सिर्फ संसाधन नहीं, बल्कि स्नेह और आनंद के स्रोत भी हैं। विद्यालय प्रशासन ने इस अनुभव को बच्चों के लिए एक मजेदार और ज्ञानवर्धक गतिविधि बताया, जिससे बच्चों में जिज्ञासा बढ़ती है और वे व्यवहारिक रूप से सीखने के लिए प्रेरित होते हैं।

## बस स्टैंड से महिला का बैग चोरी

**अंबाला।** अंबाला कैंट के बस स्टैंड पर चोरों के हौसले बुलंद हैं। वीरवार को एक महिला के बैग को लेकर एक व्यक्ति फरार हो गया। महिला ने जब बैग ढूंढा तो बैग वहां नहीं मिला। जिसके बाद उसने अड्डा इंचार्ज से अपनी शिकायत की। मामले में अड्डे इंचार्ज ने सीसीटीवी उपलब्ध कराई इसके साथ ही इसकी सूचना पुलिस को भी दे दी गई। शिकायत देते हुए महिला ने बताया कि वह बस अड्डे पर ही बने शौचालय में गई थी। इस दौरान बैग को बाहर सीढ़ियों पर रख गई। जैसे ही वह शौचालय से बाहर आई तो उसका बैग सीढ़ियों से गायब मिला। जिसके बाद महिला ने सीसीटीवी के लिए अड्डा इंचार्ज से संपर्क किया। सीसीटीवी में कैद हुआ कि एक युवक उसका बैग उठा कर ले जा रहा है। महिला के अनुसार उस बैग में उसके जरूरी कागजात शामिकल थे। बैग में नगदी और अन्य कीमती सामान तो नहीं थे। वह अपने जरूरी कागजात को लेकर अंबाला से चंडीगढ़ किसी निजी काम से जा रही थी। तभी यह सब हुआ। अब इस मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को अपने कब्जे में ले लिया है। बैग को चुराने वाले की पहचान की जा रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

# सरकारी स्कूलों में कम होती छात्रों की संख्या बढ़ाने के लिए फील्ड में उतरे शिक्षक

- ग्रामीणों को निरंतर कर रहे हैं जागरुक, खानपुर में आयोजित किया गया सेमिनार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला**

ब्लॉक साहा के राजकीय उच्च विद्यालय खानपुर में मोहड़ा डाइट से आए डॉक्टर पवन कुमार वत्स व डॉक्टर साधना ने एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका आयोजन हरियाणा शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा के रहनुमाई में किया गया।

इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य राजकीय स्कूलों में घट रही बच्चों की संख्या को बढ़ावा देने के लिए था। इस सेमिनार में गांव खानपुर की पंचायत के सदस्य, शिक्षाविद, आंगनबाडी कर्मचारी, राजकीय प्राथमिक स्कूल खानपुर के अध्यापक, राजकीय उच्च विद्यालय खानपुर का सारा स्टाफ, बच्चों के अभिवक को शामिल किया गया।

इस अवसर पर डॉक्टर पवन कुमार वत्स व डॉक्टर साधना ने सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में बच्चों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में बताया, जिसमें मुफ्त दाखिला, मुफ्त किताबें, मुफ्त शिक्षा, मुफ्त खाना, मुफ्त में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, नौवीं कक्षा से लडकियों को मुफ्त साइकिल, अच्छी बिल्डिंग, खेलों में, सांस्कृतिक कार्यक्रम भाग लेने में पूरा सहयोग, सरकार द्वारा एससी बीसी व बीपीएल परिवार के बच्चो को वजीफा, उच्च गुणवत्ता, पढ़ा लिखा व योग्य स्टाफ, साफ सुथरे शौचालय, खेलने का मैदान, समय समय पर ऐतिहासिक स्थान पर भ्रमण और किसी भी उच्च शिक्षा के लिए सरकारी स्कूलों को प्राथमिकता व 10 % अंक की वरीयता आदि सरकार द्वारा चलाई का रही स्कीमों के बारे में बताया। आसपास के लोगों के बच्चो को सरकारी स्कूलों में दाखिल कराने की विनती की।

इन सुविधाओं को सुनकर गांव की पंचायत के सरपंच अंग्रेज सिंह व सदस्यो विजय कुमार व ज्ञान सिंह, बैठक में मौजूद सभी आंगनवाड़ी कर्मचारी सपना रानी व सुनीता रानी ने स्कूल में बच्चों की संख्या बढ़ाने में पूरा सहयोग देने का वादा किया।

इस अवसर राजकीय उच्च विद्यालय खानपुर के मुख्याध्यापक जसमेर सिंह, अध्यापक महेंद्र कुमार शर्मा, अध्यापिका अंजलि कुमारी ने सभा में मौजूद लोगों का धन्यवाद किया।



अंबाला। ग्रामीणों को जागरूक करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# हिंदी काव्य मंच 'कविशाला' पर दो करोड़ पाठकों की उपलब्धि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला**



हिंदी साहित्य के क्षेत्र में प्रतिष्ठित कवि, लेखक और आलोचक शैलेंद्र रंगा की प्रेरणादायक कविताओं और लेखों ने 'कविशाला' ऐप पर एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। उनकी रचनाओं को अब तक 20 मिलियन यानी 2 करोड़ पाठकों ने पढ़ा है।

कविशाला, हिंदी साहित्य को समर्पित एक प्रमुख मंच है, जो देश और विदेश के पाठकों के बीच साहित्यिक संवाद स्थापित करता है। रंगा की रचनाएं उनके गहरे विचार, सामाजिक मुद्दों पर सशक्त दृष्टिकोण और भावनात्मक गहराई के लिए विशेष रूप से सराही जाती हैं।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए एसए जैन कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर शैलेंद्र रंगा ने कहा, 'यह सफलता केवल मेरी नहीं बल्कि हिंदी साहित्य के प्रति बढ़ती रुचि और उसके प्रति पाठकों के गहरे लगाव की प्रतीक है। मैं उन सभी पाठकों का आभारी हूं जिन्होंने मेरी रचनाओं को पढ़ा और सराहा। कविशाला टीम ने भी इस अवसर पर शैलेंद्र रंगा को बधाई दी और बताया कि उनकी रचनाएं युवा पीढ़ी को साहित्य से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। यह उपलब्धि हिंदी साहित्य के प्रसार और प्रासंगिकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक और कदम है। शैलेंद्र रंगा की कविताएं सामाजिक मुद्दों, पाखंड, अशिक्षा, लैंगिक भेदभाव , वैज्ञानिकता जैसे विषयों पर लिखी गई है। इनके सबसे चर्चित कविता 'कड़वी कविता' है।

### पूर्व मंत्री असीम गोयल ने लोगों की शिकायतें सुनकर अधिकारियों को दिए निर्देश

# बरसाती सीजन से पहले एनएचएआई को सभी नाले साफ करने के निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला**

पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने वीरवार को अंबाला शहर स्थित अपने निवास पर लोगों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही निपटारा किया। अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के अलग अलग इलाकों से आये लोगों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी अपनी शिकायतों व समस्याओं को असीम गोयल के समक्ष रखा। ऐसे में असीम गोयल ने अधिकारियों को समस्या निदान के निर्देश दिए। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि लोगों को किसी तरह की दिक्कत न आए इसलिए जनता की समस्याएं हर सप्ताह सुनी जाती है। इस दौरान डिप्टी मेयर राजेश मेहता,सीनियर डिप्टी मेयर प्रतिनिधि सुंदर ढींगरा, निगम सदस्य मनीष आंनद,सरदूल सिंह,शोभा पुनिया, फकीर चंद भाजपा मंडल अध्यक्ष अमन सूद, दिनेश लदाना व भाजपा नेता पिंकू सूद, संजीव गोयल,रितेश गोयल, चनप्रीत सिंह, जसविंदर आदि मौजूद रहे।



अंबाला। लोगों की समस्याएं सुनते पूर्व मंत्री। फोटो : हरिभूमि

#### नाले साफ करवाने के निर्देश

पूर्व मंत्री असीम गोयल ने बरसाती सीजन के दौरान अंबाला की ड्रेनेज व जलभराव की समस्या को लेकर एनएचएआई के अधिकारियों के साथ भी बैठक की। जिसमें विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि उनके अंडर आने वाली ड्रेंस की वे योजना बनाकर सफाई करें ताकि अंबाला को बरसात के सीजन के दौरान दिक्कत न आए। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कांग्रेसी अपने आका के आदेश पर प्रदर्शन कर रहे हैं ये लूट का लाइसेंस मांग रहे हैं। सविंधान लूट की इजाजत नही देता। कोर्ट और एजेंसियां इस मामले को देख रही हैं।एजेंसी किसी के कहने पर काम नही करती। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा उल्टा राहुल गांधी ब्यान दे रहे है। कि जब हम सत्ता में आएंगे तो एजेंसी का ऐसा दुरपयोग करेंगे कि रूह तक कांप जाएंगी। असीम गोयल ने कहा जनता इस प्रकार का पोछा कांग्रेस पर लगा रही है कि कांग्रेस का नाम भी नहीं रहेगा।